बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

वि॰सं॰ 03/2017, सहायक अभियन्ता (यांत्रिक) एवं वि॰सं॰ 04/2017, सहायक अभियन्ता (असैनिक) मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा

विज्ञापन संख्या– 03/2017, सहायक अभियंता (यांत्रिक), के अन्तर्गत बिहार सरकार के अधीन लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, जल संसाधन विभाग तथा भवन निर्माण विभाग के कुल 102 पद एवं वि॰सं॰ 04/2017, पशु मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता (असैनिक) के कुल 06 पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा दिनांक 16.09.2018 को आयोजित प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विस्तृत विज्ञापन आयोग के बेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया दिनांक 21.05.2019 से प्रारम्भ होगी।

1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) की तिथि **(प्रारम्भिक परीक्षा में सफल उम्मीदवार ही मुख्य परीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन करेंगे)**	**21.05.2019 से 28.05.2019 तक**
2.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की **तिथि**	**01.06.2019 से 06.06.2019 तक**
3.	ऑनलाईन आवेदन भरने की **तिथि**	**02.06.2019 से 12.06.2019 तक**
4.	आयोग कार्यालय में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से आवेदन की हार्ड कॉपी एवं सभी कागजातें/प्रमाण पत्र प्राप्त होने की **अंतिम तिथि**	**दिनांक 24.06.2019 के अपराह्न 5.00 बजे तक**

नोट–1: रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 28.05.2019 के बाद ही दिनांक 01.06.2019 से 06.06.2019 तक परीक्षा शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के लिए आवेदक को लिंक उपलब्ध होगा।

2. **जिस तिथि को भुगतान किया गया है उसके अगले तिथि को पूर्वाह्न 11.00 बजे के बाद आवेदक को ऑनलाईन Application Form भरने के लिए लिंक उपलब्ध होगा। अतः अभ्यर्थी दिनांक– 06.06.2019 तक निश्चित रूप से भुगतान कर लें।**
3. **उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।**
4. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।
5. **उपर्युक्त विज्ञापन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के दूरभाष संख्या – 0612–2215795 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।**
6. **अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) के समय अपना रौल नंबर सही रूप से प्रविष्टि (Entry) करेगें। अन्यथा गलत रौल नंबर प्रविष्टि (Entry) करने पर आपके आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा, जिसके जिम्मेवार अभ्यर्थी स्वयं होगें।**

20.5.19

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना